दिनमान: सूर्योदय 6.19 सूर्यास्त 5.16 | तापमान: अधिकतम 27° न्यूनतम 16°

वर्ष 18, अंक 216 पृष्ठ 8
कोलकाता, मंगलवार, 20 जनवरी 2026
माघ, शुक्लपक्ष, द्वितीया, वि.सं. 2082
मूल्य: ₹3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण www.yuvashaktinews.com




### एसआईआर सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को फटकारा, दिया आदेश

# सार्वजनिक करें तार्किक विसंगति वाले सवा करोड़ लोगों के नाम

**पंचायतों, प्रखंडों व वार्ड कार्यालयों पूरी सूची लगवाएं** | **माध्यमिक के प्रवेश पत्र में दर्ज जन्म तिथि को मान्यता दें** | **डीजीपी सुनिश्चित करें कि कानून-व्यवस्था की समस्या न हो**

**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के रिविजन (सुधार) को लेकर मचे घमासान के बीच सुप्रीम कोर्ट ने आज चुनाव आयोग कड़ी फटकार लगाई.कोर्ट ने आयोग से साफ कहा है कि उसे समझना चाहिए कि लोग इस प्रक्रिया की वजह से कितने तनाव में और परेशान हैं. अदालत ने चुनाव आयोग को उन करीब सवा करोड़ लोगों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया है, जिन्हें 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' यानी आंकड़ों में तार्किक विसंगति/गड़बड़ी के आधार पर नोटिस भेजा गया है. देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये आदेश दिया है. पीठ में सीजेआई के अलावा, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जॉयमाल्य बागची भी शामिल थे. सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के लिए करीब दो करोड़ लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं. अदालत ने कहा कि बंगाल के डीजी कानून व व्यवस्था बहाल रहे, यह सुनिश्चित करें और डीएम पर्याप्त संख्या में कर्मचारी उपलब्ध करायें.

सुप्रीम कोर्ट ने आज (सोमवार,19 जनवरी को) भारत निर्वाचन आयोग को साफ निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन करीब 1.25 करोड़ लोगों के खिलाफ तार्किक विसंगतियों ('लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी') की आपत्ति उठाई गई है, उन सभी के नाम पब्लिश किए जाएं. बार एंड बेंच की रिपोर्ट में कहा गया है कि ये नोटिस मोटे तौर पर तीन कैटेगरी में बांटे गए हैं- मैप्ड, अनमैप्ड और लॉजिकल गड़बड़ी. कोर्ट ने आगे कहा कि 'लॉजिकल गड़बड़ी' कैटेगरी के तहत, अधिकारियों ने पिता के नाम में गड़बड़ी, माता-पिता की उम्र में गड़बड़ी और दादा-दादी की उम्र में अंतर देखा है. इसी दौरान अदालत ने गौर किया कि राज्य में 1.25 करोड़ मतदाता तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल हैं. इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को पश्चिम बंगाल के ग्राम पंचायत भवनों, तालुका प्रखंड कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में तार्किक



विसंगतियों की सूची में शामिल लोगों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए एक और मौका दिया. कहा कि वे 10 दिन में अपने डॉक्यूमेंट्स चुनाव आयोग को पेश करें. अदालत ने माध्यमिक परीक्षा के प्रवेश पत्र पर दर्ज जन्म तिथि को मान्यता दे.

चुनाव आयोग ने राज्य में एसआईआर के दौरान नाम, सरनेम, आयु में गड़बड़ी की वजह 1.25 करोड़ वोटर्स को लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी नोटिस जारी किया था. कोर्ट ने कहा कहा चुनाव आयोग गड़बड़ी वाली वोटर लिस्ट ग्राम पंचायत भवन, ब्लॉक कार्यालय और वार्ड कार्यालय में सार्वजनिक रूप से लगाए, ताकि लोगों को पता चल सके. सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जोयमाल्य बागची की बेंच ने कहा- सिर्फ तर्क के आधार पर आम लोगों को परेशान नहीं किया जा सकता है. वोटर लिस्ट में सुधार की प्रक्रिया जरूरी है, लेकिन यह पारदर्शी और समय पर हो. चुनाव आयोग लोगों की परेशानी को समझे. मामला यह है कि चुनाव आयोग ने वोटर्स को तीन श्रेणियों में बांटकर नोटिस भेजे थे.

इसमें सबसे विवादित श्रेणी 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' वाली है. इसमें वे लोग शामिल हैं जिनके माता-पिता के नाम में बेमेल है, स्पेलिंग अलग है या फिर माता-पिता और बच्चों की उम्र में अजीब गैप दिख रहा है. अदालत ने कहा कि जिन लोगों को नोटिस मिला है, उन्हें अपने कागज जमा करने के लिए और ज्यादा वक्त दिया जाए. कोर्ट ने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान पर्याप्त कर्मचारी मौजूद रहें और लोगों को उनके जमा किए गए दस्तावेजों की पक्की रसीद दी जाए. न्यायालय ने कहा, इस संबंध में, हम निर्देश देते हैं कि सुचारू कामकाज के लिए प्रत्येक जिला, ईसीआई या राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए जारी किए गए निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करे. उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य होंगे कि कानून-व्यवस्था की कोई समस्या न हो और सभी गतिविधियां सुचारू रूप से पूरी हों. सर्वोच्च न्यायालय पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में मनमानेपन और प्रक्रियात्मक अनियमितताओं के आरोपों से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था.

पश्चिम बंगाल में मसौदा मतदाता सूची पर आवेदन और आपत्तियां दाखिल करने की चुनाव आयोग की विस्तारित समय सीमा सोमवार को समाप्त हो जाएगी. इसी के साथ एसआईआर के शिकायत और दावा चरण का समाप्त हो जाएगा. आयोग ने एसआईआर की घोषणा के समय ही स्पष्ट कर दिया था कि मतदाताओं के साथ-साथ राजनीतिक दलों को भी मसौदा सूची के प्रकाशन के बाद दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अनुमति होगी. पश्चिम बंगाल में इस तरह के आवेदनों को जमा करने की अंतिम तिथि 19 जनवरी निर्धारित की गई थी.

### तृणमूल ने इसे अपनी जीत बताया

तृणमूल कांग्रेस ने इस फैसले को अपनी बड़ी जीत बताया है. ममता बनर्जी की सरकार शुरू से ही आरोप लगा रही थी कि यह प्रक्रिया वैध वोटर्स के नाम हटाने की एक साजिश है. कोर्ट के फैसले के बाद टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी का खेल अब खत्म हो चुका है. उन्होंने कहा कि जिन एक करोड़ नामों को काटने की तैयारी थी, वे अब बच गए हैं और सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक तरह से कड़ी फटकार लगाई है.

# बेहाला के फ्लैट में बुजुर्ग महिला की बेरहमी से हत्या! पूर्व नौकरानी गिरफ्तार

**कोलकाता :** बेहाला के पर्णश्री पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बेचाराम चट्टोपाध्याय रोड पर एक बुजुर्ग महिला की निर्मम हत्या ने इलाके में सनसनी मचा दी है. आरोप है कि घर की पूर्व नौकरानी अनीता घोष (64) ने धारदार हथियार से बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी. पर्णश्री स्थित बहुमंजिला इमारत संख्या 396/9 के फ्लैट नंबर 7 में रहने वाली अनीता घोष लंबे समय से अपने पति अरूप घोष के साथ रह रही थीं. उनके पति अरूप घोष इस समय गंभीर रूप से बीमार हैं और बिस्तर पर पड़े हैं. पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार तड़के करीब 9 बजे पर्णश्री पुलिस स्टेशन में एक अप्राकृतिक मौत की सूचना मिली. पुलिस स्टेशन की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची. कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव चीफ सुपरिटेंडेंट रूपेश कुमार ने कहा, पूरी घटना की जांच चल रही है.



अभी कुछ भी कहना संभव नहीं है. हालांकि, घटना की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि संजू सरकार (34), जो पहले नौकरानी थी, उस दिन सुबह करीब 8:30 बजे फ्लैट में आई थी. वह पूर्वी बरिशा की रहने वाली है. संजू ने फ्लैट में घुसकर अनीता घोष से पैसे मांगे. लेकिन बुजुर्ग महिला ने उसे पैसे देने से इनकार कर दिया.आरोप है कि जब महिला ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो संजू उससे बहस करने लगी. बहस के दौरान, नौकरानी ने अचानक घर से एक धारदार चाकू उठाया और बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया. उसने बुजुर्ग महिला के सीने और पेट में कई बार वार किए. उस समय, जब बुजुर्ग महिला अनीता घोष ने विरोध किया, तो आरोपी संजू सरकार को भी मामूली चोटें आईं. जब अनीता घोष खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ीं, तो संजू कथित तौर पर घर में घुस गई और पैसे और गहने लूटकर भागने की कोशिश करने लगी. हालांकि, तब तक अनीता घोष की चीखें सुनकर पड़ोसी वहां आ गए और उन्होंने आरोपी संजू को रंगे हाथों पकड़ लिया. बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, जब संजू को थाने लाया गया और उससे पूछताछ की गई, तो उसने हत्या का जुर्म कबूल कर लिया. पता चला है कि अनीता और अरूप घोष का बेटा अलग फ्लैट में रहता है. खबर मिलते ही वह भी मौके पर पहुंचा और गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया. पुलिस ने अनीता घोष का शव एक निजी अस्पताल से अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हत्या का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा.

### भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचे यूएई के राष्ट्रपति

# क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर होगा विचारों का आदान-प्रदान




### मोदी ने प्रोटोकोल तोड़कर एयरपोर्ट पर किया स्वागत

**नई दिल्ली:** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को भारत के आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे. जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाहयान का स्वागत किया. नई दिल्ली एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी ने अल नाहयान का गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया. इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी हुई. शेख मोहम्मद बिन जायद की इस यात्रा को भारत-यूएई के बीच मजबूत होते संबंधों के लिहाज से अहम माना जा रहा है. यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग, व्यापार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है.

इस दौरान पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति नाहयान को कश्मीरी पश्मीना शॉल भेंट भी किया. यह शॉल कश्मीर की बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है, जो नरम, हल्की और गर्म होती है. शॉल को तेलंगाना में बनाए गए सजावटी चांदी के डिब्बे में रखा गया है. यह तोहफा भारत की हस्तकला और हैंडलूम परंपरा को दर्शाता है. इसके अलावा, राष्ट्रपति की पत्नी शेखा फातिमा बिंट मुबारक अल केटबी को भी पश्मीना शॉल के साथ-साथ कश्मीरी केसर भेंट किया गया. कश्मीर की घाटी में उगाए जाने वाला यह केसर अपनी गहरी लाल रंगत और तीखी खुशबू के लिए प्रसिद्ध है. इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरे से भारत और यूएई के बीच मजबूत मित्रता और सहयोग की अहमियत सामने आती है और वे दोनों देशों के बीच चर्चाओं के लिए उत्सुक हैं.

### एसआईआर हियरिंग में उत्पीड़न व आरोपों पर पूरे राज्य में भारी हंगामा

# तृणमूल के लोगों पर फॉर्म-7 जमा करने से रोकने का आरोप

**कोलकाता:** एसआईआर की नोटिसें मिलने पर पूरे राज्य में भारी हंगामा देखने को मिल रहा है। आसनसोल में वोटर लिस्ट स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का विवाद उफन पड़ा. ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर आरोप था कि आसनसोल में वह लोगों को एसआईआर में संशोधन के लिए जमा किये जाने वाले फॉर्म-7 जमा नहीं करने दे रही है. आसनसोल में एसडीओ कार्यालय के बाहर सोमवार को इसकी वजह से जमकर बवाल हुआ. बीजेपी कार्यकर्ताओं ने तृणमूल कांग्रेस और आसनसोल-दुर्गापुर के असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इसके बाद पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है.



पश्चिम बंगाल में पूर्व बर्धमान जिले के कालना उपखंड शासक कार्यालय के सामने सोमवार कोबीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच टकराव हो गया. बताया जा रहा है कि दोलों दलों के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सामने ही एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. यहां उपखंड शासक कार्यालय के सामने सोमवार को फॉर्म 7 जमा को लेकर भारी तनाव फैल गया. इस दौरान बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच टकराव हो गया, जो बाद में धक्का-मुक्की में बदल गया. हालात को काबू में रखने के लिए कालना थाना की भारी पुलिस बल तैनात की गई.

बताया जा रहा है कि फॉर्म 7 जमा करने के लिए बीजेपी कार्यकर्ता जब एसडीओ कार्यालय की ओर बढ़ रहे थे, तभी तृणमूल कार्यकर्ताओं ने जय बंगला के नारे लगाते हुए उनका रास्ता रोक दिया. इस दौरान झाड़ और जूते दिखाए गए, जिसके जवाब में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भी जूते दिखाए. एक ओर तृणमूल की तरफ से जय बंगला तो दूसरी ओर बीजेपी की तरफ से जय श्रीराम के नारों से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया. कुलपी (दक्षिण 24 परगना) में तनाव ज्यादा दिखा. ये तनाव धार्मिक स्थलों पर हमलों और एसआईआर सुनवाई के दौरान अपर्याप्त सुरक्षा के कारण है, जिससे विरोध प्रदर्शन हुए और बेहतर सुरक्षा की मांग की गई. उत्तर 24 परगना के देगांगा में स्थानीय लोगों, जिनमें मतदाता और बीएलओ शामिल हैं. उन्होंने एसआईआर प्रक्रियाओं में कथित उत्पीड़न का विरोध किया है. इस दौरान लोगों में टायर जलाने और रात में बमबारी से डर और बढ़ गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस तनाव को दूर करने में नाकाम साबित हो रही है. लोगों में डर का माहौल बना हुआ है. वहीं पुलिस का दावा है कि विरोध प्रदर्शन पर काफी हद काबू पा लिया गया है.

# अयोध्या की तर्ज पर बंगाल में बनेगा राम मंदिर

### 100 करोड़ की लागत से 2028 तक तैयार होगा मंदिर

### श्री कृतिवास राम मंदिर ट्रस्ट शांतिपुर में करायेगा निर्माण

**शांतिपुर:** बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर में अयोध्या की तर्ज पर भव्य राम मंदिर बनेगा. 'श्री कृतिवास राम मंदिर ट्रस्ट' द्वारा बनाए जाने वाले इस मंदिर की थीम 'बंगाली राम' रखी गई है. खास बात यह है कि यह मंदिर केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि बंगाल की सांस्कृतिक विरासत का एक प्रमुख केंद्र भी होगा. इस मंदिर की परिकल्पना 15वीं शताब्दी के महान कवि कृतिवास ओझा के सम्मान में की गई है, जिन्होंने संस्कृत रामायण का बंगाली अनुवाद 'श्री राम पांचाली' के रूप में किया था. बंगाल के हर घर में पढ़ी जाने वाली इस रामायण के रचयिता की स्मृति में यह मंदिर 'बंगाली राम' की अवधारणा को साकार करेगा. ट्रस्ट के अध्यक्ष और भाजपा विधायक अरिंदम भट्टाचार्य के अनुसार, कृतिवास ओझा ने भगवान राम को बंगाल की भावनात्मक और सांस्कृतिक भूमि से जोड़ा था, जिसे 'हरा राम' भी कहा जाता है. यह मंदिर करीब 15 बीघा भूमि पर बनाया जाएगा, जिसे स्थानीय निवासियों लिटन भट्टाचार्य और पूजा बनर्जी ने दान किया है. इस परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है. रविवार को ट्रस्ट के सदस्यों ने भूमि का अंतिम सर्वेक्षण पूरा किया, जिसके साथ ही निर्माण प्रक्रिया में तेजी आ गई है. उम्मीद है कि साल 2028 तक यह भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा.



मंदिर निर्माण को लेकर राज्य में राजनीति भी गरमा गई है. भाजपा विधायक अरिंदम भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया कि यह कोई चुनावी प्रोजेक्ट नहीं है और वे इस पर 2017 से काम कर रहे हैं. उन्होंने सरकार सहित सभी वर्गों से सहयोग की अपील की है. वहीं, दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है.

# निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष चुने गए नितिन नबीन


**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई है. नितिन नबीन निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं. भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की संवैधानिक और पारदर्शी प्रक्रिया पूर्ण हुई. 36 में से 30 राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के बाद तय प्रक्रिया के अनुसार नामांकन, जांच और वापसी सम्पन्न हुई. भाजपा संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण की ओर से जारी बयान में कहा गया है, नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप के अनुसार तथा वैध पाए गए. नामांकन वापसी की अवधि पूर्ण होने के पश्चात, भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के रूप में यह घोषणा करता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु केवल एक ही नाम, अर्थात नितिन नवीन का नाम प्रस्तावित हुआ है. इसके बाद यह तय हो गया है कि नितिन नबीन ही भाजपा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं.



इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन पत्र सौंपा.रिपोर्ट्स के मुताबिक नबीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है.भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू जैसे वरिष्ठ पार्टी नेता भी नबीन के नामांकन के समय मौजूद रहे. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा किया. नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी उपस्थित रहे. बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किए.

पार्टी सूत्रों के अनुसार, नबीन के पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने गए है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी नेतृत्व इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे है. बता दें कि बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नबीन को दिसंबर, 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था.

नितिन नबीन बिहार के एक अनुभवी नेता और पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता माने जाते हैं. वे बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने जा चुके हैं. इससे पहले वर्ष 2006 में उन्होंने पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पहली बार बिहार विधानसभा में कदम रखा था. हाल ही में उन्हें बीजेपी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था. अब वे पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं.

## न्यूज कॉर्नर

### सेनेगल ने मोरक्को को हराकर अफ्रीका कप जीता



**रबात (मोरक्को):** सेनेगल ने पेप गुये के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता. बेहद तनावपूर्ण परिस्थितियों में खेले गए फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी लेकिन आखिर में पेप गुये निर्णायक गोल करने में सफल रहे. फाइनल मैच में तनाव काफी बढ़ गया था. मैच के दौरान ऐसा समय भी आया जब दर्शकों ने मैदान पर घुसने की कोशिश की. यही नहीं सेनेगल के खिलाड़ी दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर चले गए थे. यह स्पष्ट नहीं था कि खेल जारी रह पाएगा या नहीं क्योंकि प्रशंसक सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए थे. इसके कारण 14 मिनट तक खेल नहीं हो पाया था. खेल शुरू होने पर सेनेगल के एडुआर्ड मेंडी ने ब्राहिम डियाज़ की पेनल्टी को आसानी से बचा लिया. इसके बाद गुये ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में विजयी गोल दागा. मोरक्को की पराजय के कारण 69,500 दर्शकों की क्षमता वाला प्रिंस मौले अब्देललाह स्टेडियम अंतिम सीटी बजते ही खाली होने लग गया था. सेनेगल के खिलाड़ियों को ट्रॉफी उठाते हुए देखने के लिए बहुत कम लोग बचे थे. सेनेगल ने दूसरी बार अफ्रीका कप जीता. इससे पहले वह 2021 में चैंपियन बना था.

### प्रज्ञाननंदा की एक और हार, गुकेश ने फिर ड्रॉ खेला



**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड):** गत चैंपियन आर प्रज्ञाननंदा का टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार गए. विश्व चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया. लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है. प्रज्ञाननंदा पहले दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार गए थे. इस तरह से वह टूर्नामेंट में अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं और उन्हें अपना खिताब बचाने के लिए बाकी बचे 11 राउंड में शानदार प्रदर्शन करना होगा. एरिगैसी ने चेक गणराज्य के थाई खिलाड़ी दाई वान गुयेन के खिलाफ अपनी दूसरी बाजी ड्रॉ खेली. वह वान गुयेन के रक्षण को भेदने में असफल रहे. हालांकि शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 1.5 अंकों के साथ अमेरिका के हैंस मोके नीमन और अब्दुसत्तोरोव के साथ शीर्ष पर बना हुआ है. इस प्रतियोगिता में खेल रहे चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमुस के साथ ड्रॉ खेला और इस तरह उन्होंने भी संभावित दो अंकों में से एक अंक हासिल कर लिया है. प्रतियोगिता में अभी तीन खिलाड़ी आगे चल रहे हैं जबकि नौ खिलाड़ी आधे अंक के अंतर से उनके पीछे हैं.

### पहली कबड्डी चैंपियंस लीग 25 जनवरी से

**नयी दिल्ली:** पहली कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) का आयोजन 25 जनवरी से सात फरवरी तक हरियाणा के राय स्थित खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा. आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की. केसीएल ने आधिकारिक तौर पर पहले सत्र के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है. यह प्रतियोगिता 12 दिन तक चलेगी जिसमें आठ फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी. इन टीम में सोनीपत स्टार्स, गुरुग्राम गुरुज, हिसार हीरोज, भिवानी बुल्स, रोहतक रॉयल्स, करनाल किंग्स, पानीपत पैंथर्स और फरीदाबाद फाइटर्स शामिल हैं. इस प्रतियोगिता का आयोजन लीग प्रारूप में किया जाएगा जिसमें सभी टीम एक दूसरे का सामना करेंगी.

### गिल को विश्राम नहीं, पंजाब की तरफ से रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे



**नयी दिल्ली:** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को समाप्त हुई वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम नहीं करने का फैसला किया है और वह पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ गुरुवार से राजकोट में होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे. गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के तीनों मैच खेले थे. उन्होंने विश्राम करने के बजाय तुरंत ही लाल गेंद के क्रिकेट में लौटने का विकल्प चुना है क्योंकि वह भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं हैं. इस 26 वर्षीय खिलाड़ी का लक्ष्य पंजाब को रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट में पहुंचाना होगा. पंजाब टीम के एक करीबी सूत्र ने पीटीआई से कहा, ''शुभमन ने वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम नहीं करने का फैसला किया है. उन्हें इंदौर से राजकोट पहुंचने में आठ घंटे का समय लगा क्योंकि वहां से कोई सीधी उड़ान उपलब्ध नहीं है.'' पंजाब फिलहाल ग्रुप बी में पांच मैचों में 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है. उसे अगले दौर में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी. गिल की वापसी से उसकी बल्लेबाजी को मजबूती मिली है. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में पहले टेस्ट में चोटिल होने के बाद गिल पहली बार लाल गेंद का क्रिकेट खेलेंगे.

# भारतीय खिलाड़ियों की निगाह इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने पर



**जकार्ता:** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे. पिछले सप्ताह नयी दिल्ली में इंडिया ओपन में लक्ष्य सेन पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए थे. भारत को कोई भी खिलाड़ी किसी भी वर्ग में अंतिम आठ से आगे नहीं बढ़ पाया था. चीनी ताइपे के लिन चुन यी और कोरिया की विश्व में नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीता. अब सारा ध्यान जकार्ता पर केंद्रित हो गया है, जहां भारतीय खिलाड़ियों को कड़ा ड्रॉ मिला है और उन्हें अपने से अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करनी होगी. पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि एचएस प्रणय को मलेशिया के पूर्व विश्व नंबर दो और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा. पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला जापान के कोकी वातानाबे से, जबकि थारुन मन्नेपल्ली का मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा. आयुष शेट्टी को इंडोनेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा. महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु जापान की मनामी सुइज़ु के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी. सिंधु को इंडिया ओपन के पहले दौर में ही वियतनाम की विश्व में नंबर 23 गुयेन थुई लिन्ह से हार का सामना करना पड़ा था. जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा का मुकाबला जापान की चौथी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाज़ाकी से होगा. उन्नति हुडा पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन युफेई का सामना करेंगी जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली से होगा. पुरुष युगल में हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन चौथे क्वालीफाइंग राउंड में अपनी चुनौती पेश करेंगे.

## विश्व कप में भागीदारी पर 21 जनवरी तक फैसला लें या बाहर होने को तैयार रहें: आईसीसी ने बीसीबी से कहा



**नयी दिल्ली:** आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे. आईसीसी और बीसीबी के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है. यह संकट बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किये जाने के बाद शुरू हुआ. आईसीसी से एक सूत्र ने कहा, 'बीसीबी अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिये कहा गया है. अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जायेगा.'' सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर बीसीबी ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में विश्व कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जायेगी. टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा आईसीसी बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित नहीं करेगी. बांग्लादेश अगर आने से इनकार करता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है. बांग्लादेश ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, इटली, इंग्लैंड और नेपाल के साथ है.

## कोको गॉफ, अनिसिमोवा और मेदवेदेव दूसरे दौर में



**मेलबर्न:** तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेदवेदेव के साथ सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही. गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया. गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं. पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं. अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा. दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा. डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था. महिला वर्ग के अन्य महत्वपूर्ण मैचों में विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी और पिछले दो ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली अमांडा अनिसिमोवा ने सिमोना वाल्टरट को 6-3, 6-2 से, नंबर छह जेसिका पेगुला ने अनास्तासिया ज़खारोवा को 6-2, 6-1 से और नंबर 14 क्लारा टौसन ने डाल्मा गाल्फी को 6-3, 6-3 से हराया. इस बीच 27वीं वरीयता प्राप्त और 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन का खराब प्रदर्शन जारी रहा. वह पहले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स से 6-3, 6-2 से हार गईं. स्टर्न्स का अगला मुकाबला क्रोएशिया की पेट्रा मार्किको से होगा. एम्मा नवारो भी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेटों में हार गईं. पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया. दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मैच में तब बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे चल रहे थे. ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6 (2) से हराकर ऑस्ट्रेलिया में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा. उन्होंने ब्रिस्बेन में खिताब जीता था. अमेरिका के 19वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने हमवतन अलेक्जेंडर कोवासेविच को 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर रेली ओपेल्का और 13वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव के साथ अगले दौर में प्रवेश किया. छठी वरीयता प्राप्त स्थानीय खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर ने मैकेन्ज़ी मैकडोनाल्ड को 6-2, 6-2, 6-3 से हराया.

## मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की नजरें वापसी करने पर




**वडोदरा:** मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां जब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना अभियान वापस पटरी पर लाना होगा. हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस की टीम ने अब तक पांच मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं. उसके खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे हैं. मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर दूसरे मैच में 195 रन का बचाव करते हुए सबसे निचले पायदान पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से करारी शिकस्त दी. गुजरात जायंट्स पर सात विकेट से मिली जीत ने मुंबई इंडियंस के अभियान को कुछ गति प्रदान की, लेकिन यूपी वॉरियर्स के खिलाफ लगातार दो हार से उसकी टीम बैकफुट पर चली गई. मुंबई हालांकि अभी पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है. मुंबई इंडियंस की सबसे बड़ी चिंता पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है. हेली मैथ्यूज के चोटिल होने और शीर्ष क्रम में अमेलिया केर और जी कमलिनी के साथ किए गए असफल प्रयोगों के कारण मुंबई इंडियंस का टूर्नामेंट में पावरप्ले में रन रेट सबसे कम (6.50) रहा है. शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नहीं चल पाने के कारण कप्तान हरमनप्रीत और नैट साइवर-ब्रंट पर बोझ बढ़ गया. जब भी इन दोनों बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तब मुंबई इंडियंस को संघर्ष करना पड़ा. मुंबई इंडियंस में इस बीच अपनी अंतिम एकादश में लगातार बदलाव किए जिससे टीम के अंदर अस्थिरता की भावना बढ़ गई. उसकी फील्डिंग भी निराशाजनक रही है. पांच मैचों में 10 कैच छोड़ने से उसे महत्वपूर्ण मौकों पर नुकसान हुआ है. दूसरी ओर पिछले सत्र की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स चार मैचों में तीन हार के साथ तालिका में सबसे नीचे है. उसने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की. उसे एकमात्र जीत यूपी वॉरियर्स के खिलाफ मिली, लेकिन पिछले मैच में 166 रन पर आउट होने के बाद आरसीबी से आठ विकेट से मिली हार ने उसकी प्रगति पर फिर से विराम लगा दिया. कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स के मध्य क्रम में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण दिल्ली को नुकसान हुआ है. लौरा वोल्वार्ट भी पिछले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगी. टूर्नामेंट का लीग चरण अब महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंच गया है और इसमें किसी भी तरह की गलती टीम को भारी पड़ सकती है. इसलिए मुंबई और दिल्ली दोनों की टीम एक दूसरे को कड़ी चुनौती पेश करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे.

**टीम इस प्रकार हैं: (दिल्ली कैपिटल्स)** : जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), शैफाली वर्मा, मार्जियन कप्प, निकी प्रसाद, लौरा वोल्वार्ट, चिनेले हेनरी, श्री चरणी, स्नेह राणा, लिजेल ली, दीया यादव, तानिया भाटिया, ममता मादीवाला, नंदनी शर्मा, लुसी हैमिल्टन, मिन्नू मणि और अलाना किंग. **(मुंबई इंडियंस)** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), नैट साइवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमनजोत कौर, जी कमलिनी, अमेलिया केर, शबनीम इस्माइल, संस्कृति गुप्ता, सजना सजीवन, राहिला फिरदौस, निकोला कैरी, पूनम खेमनार, त्रिवेणी वशिष्ठ, नल्ला रेड्डी, सैका इशाक और मिल्ली इलिंगवर्थ.

## युवा खिलाड़ियों को कोहली से सीख लेने की जरूरत: गावस्कर

**नयी दिल्ली:** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अच्छी शुरुआत नहीं मिलने के कारण भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा और टीम के बल्लेबाजों को मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते समय पारी को सही ढंग से आगे बढ़ाने के लिए विराट कोहली से सीख लेनी चाहिए. भारत को इंदौर में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में न्यूजीलैंड से 41 रन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह वह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पहली बार वन डे श्रृंखला में हार गया. भारत के प्रमुख बल्लेबाजों में केवल कोहली ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए. उन्होंने 108 गेंद पर 124 रन बनाए. गावस्कर ने जिओस्टार के एक कार्यक्रम में कहा, ''विराट कोहली को पूरा सहयोग नहीं मिलने के कारण भारत के लिए चीजें मुश्किल हो गई. कोहली को बहुत कम सहयोग मिला. इस श्रृंखला में भारत के लिए असली समस्या अच्छी शुरुआत न कर पाना रही है. कहा भी जाता है कि अच्छी शुरुआत का मतलब आधा काम हो गया.'' उन्होंने बताया, ''भारत की शुरुआत कभी अच्छी नहीं रही और यही उसकी हार के मुख्य कारणों में से एक है कि वह बड़े स्कोर का पीछा करने में सक्षम नहीं था.'' भारत के आधे बल्लेबाज 159 रन तक पवेलियन लौट गए थे जिससे टीम की जीत की संभावना को गंभीर झटका लगा था. गावस्कर ने कहा, ''जब आप केएल राहुल जैसे शानदार फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को खो देते हैं और आपके पास नीतीश कुमार रेड्डी हैं, जिन्होंने 53 रन की इस पारी से पहले अपनी क्षमता का सही प्रदर्शन नहीं किया था, और फिर हर्षित राणा हैं, जिनसे आप कभी भी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हो सकते कि वह कैसा प्रदर्शन करेंगे तो लक्ष्य तक पहुंचना बड़ी चुनौती बन जाती है. भारत को ठीक इसी स्थिति का सामना करना पड़ा.'' इस पूर्व बल्लेबाज ने आखिर तक प्रयास करने के लिए कोहली की प्रशंसा की और दूसरों से उनकी मानसिकता और निरंतरता का अनुकरण करने को कहा. उन्होंने कहा, ''उनकी विशेषता यह है कि वे किसी छवि से बंधे नहीं हैं. कई बल्लेबाज और गेंदबाज यह सोचते हैं कि लोग उनके बारे में कैसा सोचते हैं और उन्हें लगता है कि उन्हें अपनी क्षमता पर खरा उतरना होगा.

### चांदी पहुंची तीन लाख के पार, सोना भी नए रिकॉर्ड स्तर पर



**नयी दिल्ली:** चांदी की कीमत सोमवार को 10,000 रुपये की जोरदार उछाल के साथ राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई जबकि सोना भी 1,900 रुपये उछलकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग के चलते चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी देखी गई. सोमवार को चांदी का कारोबार 3,02,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर हुआ जो तीन लाख रुपये से ऊपर का पहला बंद भाव है. शुक्रवार को चांदी 2,92,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी. स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में भी मजबूती देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई. सोना 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई, जो शुक्रवार के 1,46,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 1,900 रुपये अधिक है. विशेषज्ञों ने कहा कि कीमती धातुओं की मांग में निरंतर वृद्धि और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे सोना और चांदी दोनों के दामों में लगातार तेजी दर्ज की जा रही है.

### सरकारी बैंकों ने डिजिटल ऋण मॉडल के तहत 52,300 करोड़ रुपये के एमएसएमई ऋण मंजूर किए

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि डिजिटल ऋण मूल्यांकन कार्यक्रमों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने एक अप्रैल से 31 दिसंबर, 2025 के बीच 52,300 करोड़ रुपये से अधिक के 3.96 लाख से ज्यादा एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) ऋण आवेदनों को मंजूरी दी है. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने 2025 में एमएसएमई के लिए डिजिटल गतिविधियों के रिकॉर्ड पर आधारित ऋण मूल्यांकन मॉडल (सीएएम) की शुरुआत की थी. वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह ऋण मूल्यांकन मॉडल उपलब्ध डिजिटल और सत्यापन योग्य डेटा का लाभ उठाता है. यह सभी ऋण आवेदनों के लिए निष्पक्ष निर्णय प्रक्रिया का उपयोग करते हुए एमएसएमई ऋण मूल्यांकन के लिए स्वचालित मार्ग तैयार करता है. यह मॉडल बैंक के मौजूदा ग्राहकों (ईटीबी) के साथ ही नए एमएसएमई उधारकर्ताओं (एनटीबी) दोनों के लिए मॉडल आधारित ऋण सीमा का आकलन करता है. मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एक अप्रैल से 31 दिसंबर, 2025 के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा डिजिटल ऋण मूल्यांकन कार्यक्रमों के तहत 52,300 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के 3.96 लाख से अधिक एमएसएमई ऋण आवेदनों को स्वीकृति दी गई है. इस मॉडल द्वारा केवाईसी प्रमाणीकरण, मोबाइल और ईमेल सत्यापन, जीएसटी डेटा विश्लेषण, बैंक स्टेटमेंट विश्लेषण (अकाउंट एग्रीगेटर के माध्यम से), आयकर रिटर्न (आईटीआर) सत्यापन और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) के डेटा का उपयोग करके जांच, धोखाधड़ी की पहचान आदि के लिए डिजिटल 'फुटप्रिंट्स' का उपयोग किया जाता है.

## कारोबार

# रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार फिसला, सेंसेक्स 324 अंक टूटा



**मुंबई:** वैश्विक स्तर पर शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं बढ़ने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं आईसीआईसीआई बैंक में भारी बिकवाली होने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए. सेंसेक्स 324 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 109 अंक टूटा. कारोबारियों के मुताबिक, कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर तिमाही नतीजों, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी आने और शेयर बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई. बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,246.18 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 672.04 अंक तक फिसलकर 82,898.31 पर आ गया था. वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,585.50 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सर्वाधिक 3.04 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. कंपनी ने तीसरी तिमाही में 18,645 करोड़ रुपये का लगभग स्थिर शुद्ध लाभ दर्ज किया है. गैस उत्पादन में गिरावट और खुदरा कारोबार की कमजोरी ने अन्य क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन को संतुलित कर दिया. इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में भी 2.26 प्रतिशत की गिरावट आई. बैंक का दिसंबर तिमाही का एकीकृत लाभ 2.68 प्रतिशत घटकर 12,537.98 करोड़ रुपये रहा. इसके अलावा टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी नुकसान में रहे. दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई. ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, 'सतर्क रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार ने सीमित दायरे में कारोबार किया. शुल्क से जुड़ी चिंताओं और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने वैश्विक निवेशकों को सौदे से दूर ही रखा है. विदेशी निवेशकों की तरफ से बिकवाली जारी रहने और रुपये में कमजोरी ने भी दबाव बनाने का काम किया.' बीएसई पर सूचीबद्ध 3,074 कंपनियों में गिरावट दर्ज की गई जबकि 1,227 शेयरों में तेजी का रुख रहा और 182 अन्य अपरिवर्तित रहे. व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.28 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.43 प्रतिशत की गिरावट रही. क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड 1.94 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि ऊर्जा खंड में 1.50 प्रतिशत और तेल एवं गैस खंड में 1.32 प्रतिशत की गिरावट रही. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे. यूरोपीय बाजार कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे. अमेरिकी बाजार शुक्रवार को हल्की गिरावट के साथ बंद हुए थे. जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूरोप के आठ देशों पर नए शुल्क लगाने की धमकी से वैश्विक जोखिम धारणा कमजोर हुई है, जिससे निवेशक सोना जैसी सुरक्षित परिसंपत्तियों का रुख कर रहे हैं.' इस बीच, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे गिरकर 90.92 (अस्थायी) पर बंद हुआ. अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.22 प्रतिशत गिरकर 63.35 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,346.13 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,935.31 करोड़ रुपये की खरीदारी की थी.

### मुद्राकोष ने 2025-26 के लिए भारत का वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने सोमवार को भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया जो अक्टूबर में जारी अनुमान से 0.7 प्रतिशत अंक अधिक है. वाशिंगटन स्थित बहुपक्षीय वित्तीय संस्था ने अपनी 'विश्व आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है, जो पहले 6.2 प्रतिशत था. आईएमएफ ने कहा, भारत में 2025 (वित्त वर्ष 2025-26) के लिए वृद्धि अनुमान को 0.7 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया है. इसका कारण तीसरी तिमाही में अपेक्षा से बेहतर आर्थिक प्रदर्शन और चौथी तिमाही में मजबूत रफ्तार है. हालांकि, मुद्राकोष ने कहा कि आने वाले समय में भारत की वृद्धि दर में कुछ नरमी आ सकती है. वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28 में भारत की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, क्योंकि चक्रीय एवं अस्थायी कारकों का प्रभाव धीरे-धीरे कम होगा. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत की जीडीपी वृद्धि दर आठ प्रतिशत रही. जुलाई-सितंबर तिमाही में यह वृद्धि 8.2 प्रतिशत दर्ज की गई थी. सांख्यिकी मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है. वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही थी. मुद्रास्फीति के मोर्चे पर आईएमएफ ने कहा कि 2025 में खाद्य कीमतों में नरमी आने से महंगाई में उल्लेखनीय गिरावट आई है और आगे चलकर इसके निर्धारित लक्ष्य के करीब लौटने की उम्मीद है. भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य मिला हुआ है. वैश्विक स्तर पर आईएमएफ ने कहा कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि 2026 में 3.3 प्रतिशत और 2027 में 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है. उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर इन दोनों वर्षों में चार प्रतिशत से थोड़ा अधिक रहने की संभावना है. मुद्राकोष ने चीन के लिए 2025 की वृद्धि दर का अनुमान 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर दिया है. वहीं, वैश्विक महंगाई 2025 में अनुमानित 4.1 प्रतिशत से घटकर 2026 में 3.8 प्रतिशत और 2027 में 3.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई गई है.

### रुपया 14 पैसे टूटकर 90.92 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को 14 पैसे टूटकर 90.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 91 के स्तर को पार कर गया था. वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच विदेशी मुद्रा निकासी में तेजी से घरेलू मुद्रा दबाव में रही. एक महीने में यह दूसरा मौका है जब रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91 के स्तर के पार गया है. विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली दबाव से भारतीय मुद्रा दबाव में रही. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने की उनकी योजना का विरोध करने पर यूरोपीय देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा की है. इसके बाद निवेशक भी चिंतित हैं. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.68 प्रति डॉलर पर खुला. कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 91.01 के स्तर से नीचे चला गया था. अंत में यह डॉलर के मुकाबले 90.92 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे कम है. रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.78 पर बंद हुआ था. मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने बताया कि विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की लगातार निकासी और कमजोर घरेलू बाजारों से रुपये में लगातार चौथे सत्र में गिरावट आई.

# शांत रहना है तो राम से जुड़ें : संत मुरलीधर महाराज

युवा शक्ति न्यूज

**हावड़ाः** परोपकार (सेवा) परम धर्म है, ऐसा वेद कहते हैं. जो दूसरों के हित के लिए प्राण देते हैं तो संत उसकी प्रशंसा करते हैं, संत दर्शन से समस्त समस्त पाप मिट जाते हैं. भगवान की कृपा से संत का दर्शन होता है. भगवान की माया से पूरा जगत काममय दिखता है. यह काम ही हमें राम से दूर करता है. जहां काम है, वहां राम नहीं. जहां राम है, वहां काम नहीं. काम से कौन मुक्त हुआ? वहीं मुक्त हुआ जिसको पर राम की कृपा मिली. भगवान शंकर रामजी के परम भक्त है. भगवान शंकर जगत पिता हैं. प्रयागराज में याज्ञवल्क्य ऋषि भारद्वाज मुनि से कहते हैं, जिनको भगवान शंकर के चरणों में प्रेम नहीं वह राम भक्त नहीं हो सकता. राम भक्त का पहला लक्षण है वह शिवप्रेमी हो. जो शिव प्रेमी नहीं, उसे रामजी सपने में भी अच्छे नहीं लगते. जो छल-कपट रहित हैं, उसे रामजी अपना प्रिय मनाते हैं. राम ने सुग्रीव से कहते हैं, वही व्यक्ति मुझे प्रिय है, जिसके आचरण में छल-कपट नहीं होता. शिव जैसा कोई राम प्रेमी नहीं. शिव को साक्षात अनुभव करना हो तो कैलाश (हिमालय) अवश्य जाए. दुनिया से जुड़ोंगे तो अशांत रहोगे. शांत रहना है तो राम से जुड़ें. भगवान शंकर रामजी से



जुड़े है, इसलिए शांत है. एक दिन कैलाश में वट वृक्ष के नीचे शांत मुद्रा में भगवान शिव को देखकर पार्वती बोली, आप विश्वनाथ है, मेरे नाथ हैं. आपकी महिमा तीनों लोक में हैं. आप अपनी दासी मानकर, कृपाकर मेरी अज्ञानता को मिटाए. शिव ने कहा, कैसे मिटेगी? पार्वती ने कहा, आप मुझे राम कथा से सुनाए. कथा से मेरी अज्ञानता मिटेगी. दुनिया की कथा सुनोगे तो मनोरंजन होगा जबकि राम कथा सुनोगे तो आत्मरंजन होगा. भगवान शंकर ने कहा राम कथा गंगा की तरह सभी को पवित्र करती है. राम कथा सुनने से सारे संशय मिट जाते हैं. निर्गुण ब्रह्म जब भक्तों पर करुणा करते हैं तो साकार ब्रह्म के रूप में अवतार लेता है. ये बातें रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में सुन्दरकाण्ड भक्त मण्डल, कोलकाता के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते हुए परम पूज्य संत मुरलीधर महाराज ने हनुमंतधाम (फोरशोर रोड, शिवपुर) में कही. कार्यक्रम का संचालन भागवत मर्मज्ञ हरीश तिवाड़ी ने किया. श्रीरामकथा को सफल बनाने में कथा के संरक्षक श्याम सुन्दर अग्रवाल, मुख्य यजमान आशाराम झंवर, संदीप गुप्ता, दैनिक यजमान पवन दायमा व ललित कुमार सिंघी संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार ताम्बी, सचिव शिवशंकर लाहोटी, स्वागत समिति के अध्यक्ष श्याम सुन्दर तोषनीवाल, विश्वनाथ ताम्बी, चम्पालाल राठी, केशरदेव तिवाड़ी, राकेश सारडा, कैलाश सोनी, महेश शर्मा, निर्मल बोथरा, सुमित दायमा हनुमान मल, निर्मल सेठिया, पवन तोषनीवाल, गोपाल दास गुप्ता, सुशील शर्मा, बजरंग तोषनीवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय है. इस अवसर पर जयंत गुप्ता, श्रीकिशन सर्राफ, शंकरलाल लडिया, नारायण प्रसाद लोहिया, अशोक शर्मा (आशु महाराज), रामनिवास जोशी, पुरुषोत्तम तिवारी, मूलचंद राठी, राजकुमार धनानिया, राजू छंगानी, कंवरीलाल चांडक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे.

# एम.सी.केजरीवाल विद्यापीठ में वार्षिक संगीत समारोह 'प्रतिध्वनि' का सफल आयोजन

युवा शक्ति न्यूज

**हावड़ाः** सुर, संगीत और नृत्य के संगम का समारोह 'प्रतिध्वनि' का सफल आयोजन विद्यालय के मलय मंच सभागार में हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि, रामकृष्ण मिशन विद्यामंदिर महाविद्यालय के प्राचार्य स्वामी महाप्रज्ञानंद जी को उत्तरीय और स्मृतिचिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया और दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ. स्वागत गीत के साथ संगीत समारोह का शुभारंभ हुआ. इसी कड़ी में विद्यालय के चेयरमैन श्री किशन कुमार केजरीवाल जी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए 'प्रतिध्वनि' के अर्थ को छात्रों की शिक्षा एवं दैनिक गतिविधियों के साथ जोड़ कर अन्य क्षेत्रों में भी उनकी रुचि और उपलब्धियों की ओर ध्यान आकर्षित किया तथा अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की रुचि को



प्राथमिकता प्रदान करें तथा उनके साथ समय गुजारे, संवाद करें ताकि बच्चे नकारात्मक पथ के राही ना बनें. कार्यक्रम के आरंभ में 'मधुरो मुरली' गीत पर भरत नाट्यम नृत्य की प्रस्तुति से सभागार जीवंत हो उठा. सम्मानित अतिथि स्वामी महाप्रज्ञानंद जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कविवर रवीन्द्र नाथ और स्वामी विवेकानंद के कथनों के माध्यम से भारत के आध्यात्मिक उपलब्धियों के उत्थान का उल्लेख किया तथा छात्रों का मार्गदर्शन किया. अंग्रेजी नाटक 'एलिस इन नेटर्लैंड' व 'ताल तरंग' कथक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया. बीच के अंतराल में छात्रों की समस्याओं और उसके समाधान को समेटे हुए रोचक अंदाज में फिल्मर्स का मंचन भी हुआ. नृत्य नाटिका 'बांट द होप' की सफल प्रस्तुति के साथ रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ. विद्यालय की सीनियर स्कूल कॉर्डिनेटर श्रीमती गार्गी मुखर्जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

# ललित गर्ग 'पत्रकार शिरोमणि' सम्मान से अलंकृत होंगे

युवा शक्ति न्यूज

**नई दिल्ली** : वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं सामाजिक चिंतक ललित गर्ग को उनके चार दशकों से अधिक समय से जारी सृजनात्मक, मूल्यनिष्ठ और जनसरोकारों से जुड़े पत्रकारिता योगदान के लिए 'पत्रकार शिरोमणि' सम्मान से सम्मानित किया जाएगा. यह सम्मान जैन दर्शन, साहित्य और सामाजिक चेतना को समर्पित एक प्रतिष्ठित संस्था 'श्रुतसेवा निधि न्यास' के द्वारा 8 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में फिरोजाबाद क्लब लिमिटेड के सुसज्जित ऑडिटोरियम में आयोजित अक्षराभिषेक उत्सव समारोह में प्रदान किया जाएगा. न्यास के महामंत्री श्री अमित कुमार जैन ने बताया कि न्यास का श्रीमती शांतिदेवी गुप्त श्रुतसेवा अलंकरण के अंतर्गत 'पत्रकार शिरोमणि' के रूप में श्री गर्ग को 25000- रुपये की नगद राशि, सम्मान पत्र, शॉल, माला, प्रशस्ति पत्र एवं साहित्य प्रदत्त किया जाएगा. इस समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से पत्रकार, साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे. समारोह का उद्देश्य सहात्यि एवं पत्रकारिता के मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका को रेखांकित करना है. ललित गर्ग पिछले 40 वर्षों से पत्रकारिता, साहित्य एवं लेखन के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं और राजधानी दिल्ली के एक विशिष्ट एवं सम्मानित बौद्धिक व्यक्तित्व के रूप में प्रतिष्ठित रहे हैं. उन्होंने निर्भीक, विचारोत्तेजक और मूल्यपरक लेखन के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर जनचेतना को दिशा दी है. अब तक उन्होंने अनेक प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का संपादन किया है तथा उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं.



श्री गर्ग विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं. वर्तमान में वे सूर्यनगर एजुकेशनल सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष तथा सुखी परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं. सुखी परिवार फाउंडेशन के माध्यम से गुजरात सहित विभिन्न क्षेत्रों में आदिवासी कल्याण, सामाजिक सशक्तिकरण और पारिवारिक मूल्यों से जुड़ी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं. वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी लंबे समय से जुड़े रहे हैं और राष्ट्रवादी विचारधारा, सांस्कृतिक चेतना एवं सामाजिक समरसता को अपने लेखन और जीवन-कार्य के माध्यम से अभिव्यक्त करते आए हैं. आयोजक संस्था के पदाधिकारियों के अनुसार, ललित गर्ग को यह सम्मान उनकी सैद्धांतिक पत्रकारिता, साहित्यिक योगदान और सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया जा रहा है. समारोह को लेकर पत्रकारिता जगत एवं साहित्यिक क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है.

# श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने 129 लोगों के आंखों का कराया ऑपरेशन



**युवा शक्ति न्यूज/कोलकाता:** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल में अपना 38 वां नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन करते हुए 129 लोगों के आखों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन विमल जैन, निर्मल जैन (मेसर्स पीएसपीएल प्रोसेसर्स प्रा.लि.) के सौजन्य से कराया. समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी व सचिव गोविंद रांधड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह पहले समिति के सिंगुर जामीर बेड़िया स्थित विश्रामगृह में 350 के करीब लोगों की आंखों की जांच की गई थी. इन्हीं में से चयन किए लोगों के ऑखों का ऑपरेशन रविवार को सोसाइटी अस्पताल के ऑपरेशन कक्ष में कराया गया. सोसाइटी की ओर से गोविंद राम अग्रवाल (ढ़ाणेवाल), विष्णु दास मित्तल, भागीरथ मल गोयल, अशोक पुरोहित, शिव कुमार गोयल, दीपा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल तथा समिति की तरफ से मुरारीलाल डीडवानिया, विजय दारुका, विकास नेवटिया, सुरेंद्र छापड़िया, नथमल बिहानी, मुकेश जिंदल, दाऊलाल मूंधड़ा, सुशील अग्रवाल, संजय जैन, रमेश अग्रवाल, पीयूष खेड़िया, गोपाल सरावगी, योगेन्द्र पाण्डेय व अन्य आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहें. कैंप इंचार्ज ललित गोयल, सुरेश कुमार झुनझुनवाला, सोमनाथ कुमार व सचिन बेरीवाल से मिली जानकारी के अनुसार सिंगुर से सभी नेत्र रोगी को बस के माध्यम से लाया और वापिस पहुंचाया गया. रोगियों को ऑपरेशन के बात आवश्यक दवाएं भी साथ दी गई. ऑपरेशन के बाद रोगियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सिंगुर स्थित समिति के विश्रामालय में डॉ. मीता मुखर्जी उन्हें उपचार से लेकर देखभाल संबंधी परामर्श भी बराबर देती रहेंगी.

# बंगेश्वर महादेव नया मंदिर में मालीराम शास्त्री के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज



**युवा शक्ति न्यूज/हावड़ाः** भागवत जन-कल्याण ट्रस्ट की ओर से श्रद्धेय भागवत मर्मज्ञ पं. श्री मालीराम जी शास्त्री के पावन व्यासत्व में सप्तदिवसिय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा यज्ञ का शुभारंभ 20 जनवरी को श्रीमद्भागवत महापुराण की शोभायात्रा के साथ होगा. बांधाघाट के एतिहासिक श्री सत्यनारायण मंदिर के प्रांगण से श्रद्धेय पं. मालीराम जी शास्त्री के पावन सान्निध्य और कथा के मुख्य संरक्षक श्री महेश कुमार शर्मा व मुख्य यजमान श्री दिलीप-सरोज चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में 108 विप्रजनों, 108 यजमानों व 108 मंगल कलश लिये महिलाओं व अन्य भक्तजनों के साथ निकलने वाली यह शोभायात्रा कथा स्थल पर श्रीमद्भागवत महापुराण को विराजमान करने के साथ सम्पन्न होगी. तत्पश्चात श्रद्धेय मालीराम जी शास्त्री श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का शुभारंभ करेंगे. 26 जनवरी तक चलने वाली इस कथा में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे सायं 5.30 बजे तक रहेगा. कथा प्रसंग के अनुसार, 23 जनवरी को श्री कृष्ण जन्मोत्सव व 25 जनवरी को रुक्मिणी मंगल विवाह महोत्सव का आयोजन होगा.

# श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा बड़तल्ला स्ट्रीट क्षेत्र में गंगासागर मेले के समापन में मसाला खिचड़ी का नि:शुल्क वितरण




**युवा शक्ति न्यूज/कोलकाता:** प्रसिद्ध समाज सेवी संस्था श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा, 42 बड़तल्ला स्ट्रीट स्थित समिति के कार्यालय से मसाला खिचड़ी का नि:शुल्क वितरण किया गया. समिति ने गंगासागर मेले के उपलक्ष में आउटराम घाट में 9 से 15 जनवरी अनवरत सेवा शिविर का आयोजन किया था. उसी के समापन हेतु यह खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम रखा गया. समिति के अध्यक्ष विधायक विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रधान सचिव बिमल दीवान के नेतृत्व में तथा उप सचिवों पवन बंसल एवं सुभाष सवालदावाला के देख रेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ. साथ ही समिति के मनोज चौधरी, आदित्य विक्रम तुलस्यान, महेश काबरा, सुमित झुनझुनवाला, प्रदीप जालान, ताडक नाथ गुप्ता, सुमित गुप्ता, कमल गुप्ता, बिनय सोंथालिया, अनु मिश्रा, राजेश अग्रवाल, सुशील जोशी, महेश पंचलांगिया, बंटी खंडेलवाल, अरुण झुनझुनवाला आदि ने अपनी उपस्थिति से वितरण को सुचारू रूप से संचालित किया. महादेव मंदिर के प्रसाद के रूप में हजारों श्रद्धालुओं ने इसका लाभ उठाया.

# श्रीसंदीप के श्रीमुख से निसृत कृष्ण भक्तिरस में सराबोर हुए श्रद्धालु



युवा शक्ति न्यूज

**हावड़** : 'जिसके जीवन में वास्तव में कृष्णामृत है उसके जीवन में कोई विषाद हो नहीं सकता. लेकिन इस कृष्णामृत को पाने के लिए मन को 'सुदामा' बनाना पड़ेगा क्योंकि जो सुदामा बनकर कृष्ण के पास जायेगा उसे फिर कुछ कहने की जरूरत नहीं, कृष्ण उसे अपने कृपामृत से परिपूर्ण कर देंगे.' ये उद्गार युवा प्रेरक व आध्यात्मिक प्रवक्ता श्रीसंदीप ने हावड़ा के प्रसिद्ध बंशीधर जालान स्मृति बंगेश्वर महादेव नया मंदिर में अनिल-प्रीति फतेहचंदका परिवार के यजमानत्व में आयोजित तीन दिवसीय श्री कृष्णा कथा रसामृत के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कृष्ण की हर लीला हम मनुष्यों के जीवन के लिये महत्वपूर्ण संदेश देती है, केवल जरूरत है तो इनको समझने की. प्रथम दिन शोभायात्रा के साथ शुरू हुए इस आयोजन में कृष्ण जन्मोत्सव की खुशियों से लेकर कृष्ण लीला के विविध प्रसंगो को नृत्य नाटिका के माध्यम से भी प्रस्तुत किया गया. समापन अवसर पर आयोजित फागोत्सव में तो सुमधुर भजनों की ताल पर झूमते-नाचते भक्तों ने पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया. निशान यात्रा के साथ यह आयोजन सम्पन्न हुआ.




# लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322बी1 का जोनल कॉन्फ्रेंस संपन्न

## गतिविधियों में नवाचार और रचनात्मकता पर फोकस



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** शनिवार, 17 जनवरी 2026 को महानगर के होटल पार्क प्राइम में लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322बी1 के तहत जोनल कॉन्फ्रेंस (जोन-6) का भव्य आयोजन हुआ. जोन 6 के सभी लायंस क्लबों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 6:15 बजे फेलोशिप से हुआ तथा सायं 7 बजे औपचारिक कॉन्फ्रेंस शुरू हुई. सम्मेलन का मुख्य विषय लायंस में नवाचार और रचनात्मकता, जिले की गतिविधि और सेवा योजनाओं में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना (इनोवेशन एंड क्रियेटिविटी इन लायंस इनकरेजिंग इनोवेशन एंड क्रियेटिविटी इन डिस्ट्रिक्ट एक्टिविटीज एंड सर्विस प्रोजेक्ट्स) रहा, जिस पर सार्थक एवं प्रेरणादायी चर्चा हुई. इस अवसर पर पीडीजी लायन प्रदीप नय्यर ने जज की भूमिका निभाई. मुख्य वक्ता एवं मॉडरेटर पीडीजी लायन सूरज बागला (जीएटी एरिया लीडर एवं आईडी एंडोर्सी) ने लायंस गतिविधियों में नवाचार और रचनात्मकता पर प्रभावशाली मार्गदर्शन दिया. सम्मेलन की अध्यक्षता जोन चेयरपर्सन-6 लायन रमेश कुमार चोखानी ने की, जिनके नेतृत्व में आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित रहा. कार्यक्रम में इंटर जोनल कोऑर्डिनेटर लायन इंद्राणी चौधरी, (जेड) जीएटी लायन अरुण कुमार जिंदल की विशेष उपस्थिति रही. कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग की लायन विनीता झुनझुनवाला ने. लायंस क्लब ऑफ कलकत्ता, कलकत्ता नव निर्माण, कलकत्ता न्यू अलीपुर, कलकत्ता वीआईपी, कोलकाता मैग्नेट्स एवं कोलकाता प्राइड सहित सभी जोनल क्लबों की इसमें सक्रिय सहभागिता रही. सम्मेलन के दौरान सेवा परियोजनाओं को अधिक प्रभावी एवं समाजोपयोगी बनाने पर विशेष जोर दिया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उपलब्धियों के लिए विभिन्न क्लबों को उनकी अलग-अलग उपलब्धियों के आधार पर अनेक सम्मान एवं पुरस्कार प्रदान किए गए. समापन पर सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में सेवा, नेतृत्व और नवाचार के नए मानक स्थापित करने का संकल्प लिया गया.




# बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया जरूरी है, लेकिन ठीक से नहीं की जा रही: नेताजी के पौत्र

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित सुनवाई में पेश हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पौत्र चंद्र कुमार बोस ने सोमवार को कहा कि यह प्रक्रिया महत्वपूर्ण है लेकिन 'ठीक ढंग से नहीं की जा रही है. बोस ने 2016 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़े थे. उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को उत्पीड़न जैसा करार दिया और दावा किया कि इसमें स्पष्टता की कमी है. बोस ने बताया कि वह, उनकी पत्नी और बेटी 16 जनवरी को सुनवाई के लिए उपस्थित हुए जबकि उनके दो बेटे, जो विदेश में हैं, ने उन्हें अपनी ओर से पेश होने के लिए अधिकृत किया था. उन्होंने कहा, एसआईआर महत्वपूर्ण है, लेकिन जिस तरह से इसका संचालन किया जा रहा है वह उचित नहीं है. एसआईआर के नाम पर आम लोगों को परेशान किया जा रहा है. मुझे इसे इतनी जल्दबाजी में आयोजित करने का कोई कारण समझ नहीं आता.

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन

# चौथे दिन भी रेलवे साइडिंग पर पत्थर ढुलाई ठप, रेल विभाग चुप




**पाकुड़:** रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी की ट्रेन देने और महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव, पाकुड़ क्षेत्र में बंद की गई रेलगाड़ी को पुनः परिचालन के मांग को लेकर रेलवे अपर साइडिंग, तिलविटा,बाहर ग्राम आदि पर चौथे दिन भी माल ढुलाई ठप रहा. केवल पाकुर से सरकार को प्रतिदिन 2.60 करोड़ का नुकसान हो रही है. फिर भी हावड़ा डिवीजन की पदाधिकारियों को मौन रहना समझ से परे है. साहिबगंज के पत्थर व्यवसाय भी पूरी तरह से ठप कर दी गई है. पाकुड़ एवं साहिबगंज जिले के सभी लोडिंग एरिया बिल्कुल सुनसान है. रेक को वापस लौटाया जा रहा है. पाकुड़ रेलवे स्टेशन हावड़ा डिवीजन में राजस्व के मामले में दूसरे स्थान पर है. बावजूद पाकुड़ से पटना - मुगलसराय दिल्ली तक की कोई सीधी ट्रेन नहीं है.कोयला व पत्थर दुलाई से रेलवे को यहां से सालाना 2500 से 3000 करोड़ रुपये तक का राजस्व प्राप्त होता है. सालाना 12 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व देने के बाद भी पाकुड़ को ए श्रेणी के बजाय सोची समझी साजिश के तहत बी श्रेणी में रखा गया है.पाकुड़ से कम आय देने वाला रामपुरहाट स्टेशन को ए श्रेणी में रखा गया है . रामपुरहाट में लगभग सभी प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव है, और पाकुड़ में नहीं. मालदा पैसेंजर ट्रेन, अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहा अपर इंडिया एक्सप्रेस जो एकमात्र दिल्ली जाने की ट्रेन थी. बरौनी, बाम देव जैसे कई गाड़ियों को बंद कर दिया गया. 12515/12516 गुवाहाटी-त्रिवेंद्रम एक्सप्रेस, 12509/12510 गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस, 12041/12042 न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस, दार्जिलिंग मेल, सरायघाट एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनें पाकुड़ से सीटी बजाते हुए निकल जाती है. पाकुड़ से पटना दिल्ली तक जाने के लिए ट्रेन देना होगा .

बंद की गई गाड़ियों को पुनः परिचालन शुरू करना होगा. झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने कहा है कि हमें पाकुड़ और साहिबगंज जिले के व्यवसाईयों, पत्थर व्यवसाययों और जनता का पूर्ण सहयोग प्राप्त है. मांगे पूरी करो नहीं तो आगे आंदोलन और भी तेज होगा कोयला ढुलाई भी ठप होगा.

## नवनियुक्त भाजपा स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड मुख्यालय स्थित काठमील परिसर में नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष सरिता मुर्मू का स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम में तीनों मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष सरिता मुर्मू को बुके एवं शॉल देकर स्वागत किया गया. इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सरिता मुर्मू ने तीनों मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई. नवनियुक्त जिला अध्यक्षा सरिता मुर्मू के सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्मिलित प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुग्राही प्रसाद साह, राहुल यादव, रुबिलाल हांसदा के अलावे दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

## न्यूज कॉर्नर

### उपायुक्त ने कृषकों को पांच दिवसीय भ्रमण सह प्रशिक्षण हेतु किया रवाना



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन - दलहव योजना के अंतर्गत 50 कृषकों को अंतरराज्यीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत भोपाल में स्थित केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, एवं भारतीय मृदा अनुसन्धान संस्थान में पांच दिवसीय भ्रमण सह प्रशिक्षण हेतु भेज गया. उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि इस तरह के भ्रमण के मुख्य उद्देश्य नई कृषि पद्धतियों, सिंचाई तकनीकों, और मिट्टी प्रबंधन के बारे में सीखना, उन्नत कृषि उपकरणों और मशीनों (जैसे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर) का उपयोग समझना, दुधारू पशुओं (गाय, भैंस) की बेहतर नस्लों और उनके प्रबंधन की जानकारी लेना, किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए नई रणनीतियाँ सीखना, दूसरे राज्यों के किसानों से बातचीत कर उनके अनुभवों से सीखना है. मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी डॉ अभिषेक मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह समेत सभी किसान मौजूद रहे.

### विधायक सविता महतो ने कपाली नगर परिषद में कंबलों का किया वितरण



**सरायकेला :** कपाली नगर परिषद की ओर से सोमवार को 21 नो वार्ड में बने नया फुटपाथ विक्रेता केंद्र परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच 800 से अधिक कंबलों का वितरण किया. इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं नगर परिषद लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग तक सहायता पहुंचाने का कार्य कर रही है. इस दौरान विधायक ने कपालीवासियों से अपील किया कि 21 नो वार्ड में बने नए मार्केट में आकार अपना रोजमर्रा के समान का खरीदारी करे. कंबल पाकर जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली. नगर परिषद की ओर से बताया गया कि आगे भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके.कार्यक्रम में कपाली नगर परिषद के प्रशासक गोपी कृष्णा, सिटी मैनेजर शकील अनवर मेहंदी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, सरवर आलम, शेख फरीद, मो. अरशद, मो. नौशाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे.

### बरहरवा में दिनदहाड़े बाइक चोरी से मचा हड़कंप, पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**साहिबगंज :** बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहरवा राजमहल मुख्य सड़क पर स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आई है. 18 जनवरी 2026 को अपराह्न लगभग 3 बजे अज्ञात चोरों ने मौके से सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी कर ली. पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है.सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि शातिर चोर किस तरह बेखौफ होकर कुछ ही पलों में मोटरसाइकिल लेकर फरार हो जाते हैं. यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत के साथ-साथ पुलिस व्यवस्था को लेकर आक्रोश भी देखने को मिल रहा है.पीड़ित मोटरसाइकिल मालिक जीतेन्द्र पाण्ड्य ने इस मामले में बरहरवा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक पेट्रोल पंप के पास खड़ी की थी, इसी दौरान सुनियोजित तरीके से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया.घटना के बाद स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से गश्त बढ़ाने और जल्द कार्रवाई की मांग की है. वहीं, पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना ने एक बार फिर बरहरवा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### इमर्जेंसी रिस्पॉन्ट्रेडर्स टीम (ई आर टी) ट्रेन द ट्रेनर कार्यक्रम आयोजित किया



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के सुरक्षा विभाग के फायर एवं सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा जमशेदपुर में 13 से 16 जनवरी 2026 तक चार दिवसीय इमर्जेंसी रिस्पॉन्ट्रेडर्स टीम (ईआरटी) ट्रेन द ट्रेनर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य टाटा स्टील के विभिन्न स्थानों पर आंतरिक आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को सुदृढ़ करना था.उद्घाटन सत्र में अरविंद सिन्हा, चीफ सिक्योरिटी, फायर एवं ब्रांड प्रोटेक्शन; सूर्य भूषण सिन्हा, हेड - प्रोसेस सेफ्टी; तथा दीबा अहमद, चीफ एचआरबीपी - कॉरपोरेट फंक्शंस की गरिमामयी उपस्थिति रही. इस अवसर पर नेतृत्व ने सुदृढ़ आपातकालीन तैयारी एवं प्रभावी प्रतिक्रिया प्रणालियों के निर्माण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया.कार्यक्रम में टाटा स्टील के पांच लोकेशंस से चयनित बारह प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो विभिन्न कार्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे. इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे मास्टर ट्रेनरों का एक समूह तैयार करना था, जो स्वतंत्र रूप से ईआरटी प्रशिक्षण संचालित कर सकें और अपने-अपने स्थानों पर आपातकालीन तैयारी को और मजबूत कर सकें.प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस), कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर), मेडिकल फर्स्ट रिस्पांस जिसमें प्राथमिक चिकित्सा और सॉफ्ट टिशू तथा मस्कुलोस्केलेटल चोटों का इलाज सहित अग्नि प्रबंधन, और गैस एवं रासायनिक आपातकालीन प्रतिक्रिया शामिल थीं. सत्रों को क्लासरूम लर्निंग, प्रदर्शन और व्यापक व्यावहारिक प्रायोगिक अभ्यास के संयोजन के माध्यम से संचालित किया गया.कार्यक्रम में सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट्स द्वारा विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पारस गोयल, हेड - टाटा स्टील मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर (टीएमडीसी) द्वारा डिलीवरी और प्रेजेंटेशन कौशल पर सत्र, मेडिकल फर्स्ट रिस्पांस के लिए चिकित्सा पेशेवर, द्वारा बीएलएस और सीपीआर के लिए टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के डॉक्टर, गैस सुरक्षा विशेषज्ञ, साथ ही लर्निंग एंड डेवलपमेंट टीम और अनुभवी फायर क्रू सदस्यों के मूल्यवान सुझाव शामिल थे.

## टायर फटने से स्कॉर्पियो पलटी, एक की मौत आधा दर्जन घायल



**बोरियो :** थाना क्षेत्र के बोरियो बोआरिजोर मुख्य पथ के शामपुर में सोमवार दोपहर को तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो का टायर फटने से स्कॉर्पियो जोरदार पलटी मार दी, दुर्घटना में स्कॉर्पियो चालक शक्ति कुमार मिर्धा की मौके पर ही मौत हो गई, एवं स्कॉर्पियो में सवार सात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, घायलों में राधे मिर्धा उम्र 50, किशन मिर्धा उम्र 18 सुखदेव मिर्धा उम्र 38 प्रदीप मिर्धा उम्र 39 शिवम कुमार उम्र 30 संदीप मिर्धा उम्र 35 सभी गोड्डा जिलांतर्गत ललमटिया शिमडा निवासी बताया जा रहा है, सभी स्कॉर्पियो से राजमहल श्राद्ध कर्म में जा रहा था, प्राप्त जानकारी के अनुसार शामपुर में तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो का टायर फट गया, जिससे स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी मार दी, घटना की सूचना प्राप्त होते ही बोरियो पुलिस के सअनि देवेंद्र साहू,सुधीर तिवारी व पुलिस बलों के सहायता सभी को सीएचसी बोरियों लाया गया, जहां प्र0चि0पद डॉ पंकज कुमार, डॉ रोहित गोंड, डॉ विनोद कुमार के द्वारा शक्ति मिर्धा को मृत घोषित कर दिया गया. वही अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. वहीं घटना के बाद थाना प्रभारी रोहित कुमार घटना स्थल पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई.

### बाइक चालक की गिर कर हुई मौत

**बोरियो:** थाना क्षेत्र के बोरियो-बरहेट मुख्य पथ तेलों पुल के समीप रविवार देर शाम को बाइक चालक की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत. मिली जानकारी के अनुसार गोड्डा जिला के धमनी बाज़ार निवासी दुलाल पंडित बोरियो की ओर से अपने घर धमनी जा रहा था इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ने से गंभीर रूप से घायल हो गया. वही घटना की सूचना बोरियो पुलिस को मिलते ही एएसआई विरम मरडी घटना स्थल पहुंचकर इलाज के लिए बोरियो सीएचसी लाया गया जहां सीएचसी में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

## पशुपालन विभाग द्वारा एक दिवसीय बछड़ा प्रदर्शनी का आयोजन



**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सा कार्यालय परिसर में सोमवार को एक दिवसीय बछड़ा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य रूप से जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. नीरज कुमार गुप्ता एवं उप प्रमुख नसीमा खातून शामिल हुई. इस प्रदर्शन में प्रखंड के 65 ग्रामीण पशुपालक शामिल हुए. जिसमें 25 बछड़ा एवं बाछी लाया गया. पशुपालकों को संबोधित करते हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि गाय की नस्ल सुधार, उत्पादकता बढ़ाने और कृत्रिम गर्भाधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा बछड़ा-बाछी प्रदर्शनी आयोजित किया जा रहा है. यह आयोजन झारखंड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बुफैलो डेवलपमेंट, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के तत्वावधान में किया जा रहा है. प्रदर्शनी में वही बछड़ा/बाछी शामिल हुए, जो सरकार द्वारा निःशुल्क कराए गए कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न हुए हैं. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन दर में वृद्धि करना और पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों के प्रति जागरूक करना है. टीकाकरण, पोषण और रोग नियंत्रण पर भी पशुपालकों को जानकारी दी गई, ताकि उनकी आय बढ़े और वे पशुपालन में आत्मनिर्भर बनें. वही प्रदर्शनी में महेशपुर के मिलन मिश्रा को प्रथम, दमदमा गांव के लाल शेख को दूसरा एवं घनश्यामपुर गांव के डाबू माल को तीसरा पुरस्कार से सम्मानित किया गया. साथ ही प्रदर्शनी में आए सभी पशुपालकों के बीच कृमि नाशक दवा, मिनरल मिक्सर एवं मल्टीविटामिन दवा का वितरण किया गया. इस मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. कलीमुद्दीन अंसारी, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. मनु जायसवाल के अलावे सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता मौजूद थे.

## मध्यस्थता के लाभ विषय पर व्यवहार न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**जमशेदपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के तत्वावधान में मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान 2.0 के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष, डीएलएसए श्री अरविंद कुमार पांडेय के निर्देशानुसार मध्यस्थता के लाभ विषय पर संदर्भित न्यायाधीशों के संवेदन हेतु सोमवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिविल कोर्ट, जमशेदपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक पदाधिकारियों को मध्यस्थता के महत्व, इसके व्यावहारिक लाभ, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण विवाद निपटान की प्रक्रिया तथा न्यायालयों पर बढ़ते वादभार को कम करने के प्रभावी उपायों से अवगत कराना था.कार्यक्रम में राजेश दास एवं शिव शंकर प्रसाद, मास्टर ट्रेनर-सह-अधिवक्ता मध्यस्थ, डीएलएसए, जमशेदपुर ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए. उन्होंने मध्यस्थता की प्रक्रिया, संदर्भ योग्य मामलों की पहचान, पक्षकारों के बीच आपसी संवाद को बढ़ावा देने तथा सफल मध्यस्थता के अनुभवों पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर सिविल कोर्ट, जमशेदपुर के न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सिविल कोर्ट, घाटशिला के न्यायिक पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े. उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण सत्र को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया.इस प्रकार के कार्यक्रमों से न्यायिक अधिकारियों में मध्यस्थता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा तथा अधिक से अधिक मामलों का शीघ्र, किफायती एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा.

## विधायक ने किया ग्रामीण क्षेत्र का दौरा,

**पाकुड़:** पाकुड़ विधायक मोहतरमा निसात आलम ने पाकुड़ सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत क्षेत्र के ग्राम हरीगंज एवं हरिहारा सहित अन्य गांवों का दौरा कर उनकी समस्याओं को सुना.ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद राशि प्राप्त नहीं होने, राशन कार्ड में परिवार के सदस्यों का नाम जोड़ने, आबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं रखीं. विधायक निसात आलम ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जनता की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर हर संभव प्रयास किया जाएगा.मौके पर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, जिला चेयरमैन (सोशल मीडिया) पियारुल इस्लाम, देबू विश्वास, रामविलास महतो, जिला सचिव सेलिम हुसैन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शहनाज बेगम, मोहम्मदहारून रशीद, मुखिया बेलाल शेख, इमाम हुसैन, शेखावत शेख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे.

## विधायक राज सिन्हा द्वारा भव्य वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन




**धनबाद :** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा द्वारा पत्रकारों के सम्मान में बरमसिया, भूदा स्थित मेघा डेयरी परिसर में भव्य वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में धनबाद के साथ-साथ बोकारो से पधारे पत्रकारों ने भी सहभागिता की. कार्यक्रम के दौरान सभी पत्रकारों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया. विधायक राज सिन्हा ने स्वयं उपस्थित होकर सभी पत्रकारों की अगवानी की एवं उनका आत्मीय स्वागत किया. विधायक श्री सिन्हा द्वारा नववर्ष के अवसर पर पत्रकारों को डायरी एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया. उनके समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई. इस अवसर पर उपस्थित सभी सम्मानित पत्रकारों ने इस स्नेहिल सम्मान एवं आत्मीय आयोजन के लिए विधायक राज सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया. विधायक राज सिन्हा का वक्तव्य धनबाद विधायक एवं झारखंड विधानसभा के सचेतक राज सिन्हा ने वनभोज सह पत्रकार सम्मान समारोह के अवसर पर कहा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. समाज, शासन और जनता के बीच सेतु बनकर पत्रकार साथी सत्य, निष्पक्षता और जनहित की आवाज़ को मजबूती से उठाते हैं. धनबाद ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में मीडिया का योगदान सराहनीय रहा है.उन्होंने कहा कि प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े सभी पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं. आप सभी का मार्गदर्शन और सहयोग हमें जनसेवा के कार्यों को और बेहतर ढंग से करने की प्रेरणा देता है.

श्री सिन्हा ने आगे कहा, नववर्ष के अवसर पर आयोजित यह वनभोज कार्यक्रम केवल एक मिलन समारोह नहीं, बल्कि आपसी संवाद, सहयोग और सौहार्द को मजबूत करने का प्रयास है. भविष्य में भी पत्रकार साथियों के सम्मान और सहयोग के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे.

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना की. इस अवसर पे धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा सहित जिले के सभी पत्रकार भाई उपस्थित थे

## रेक लोडिंग में बिराम से मजदूर भुखमरी के कगार पर, मजदूर परेशान



**साहिबगंज:** साहिबगंज, सकरीगली, मिर्जाचौकी,बरहरवा रेलवे हिल साइट में पत्थर रेक लोडिंग यार्ड रेक लोडिंग जिले भर में पूर्ण बिराम सा लग चुका है,पत्थर व्यवसायियों द्वारा रेक लेडिंग पर रोक स्थानीय मजदूरों के लिए जीवन पर बड़ा असर डालती नज़र आ रही है,भारी संख्या में मजदूर इन्हीं रेक लोडिंग यार्ड में पत्थरों की लोडिंग कर अपना जीवन यापन कर रहे है और अचानक लोडिंग पर रोक लगने से मजदूर मुखमरी के कगार पर आने लगेंगे.मजदूरों का कहना है कि रोजाना लोडिंग कर मजदूरी के पैसे से अपना परिवार का पेट पालते है ,वर्षों से पत्थर रेक लोडिंग के काम से सैकड़ो की संख्या में सुबह 4 बजे से ही लोडिंग के लिए पहुँचते है और दिन भर लोडिंग करके शाम को मजदूरी लेकर घर पहुँचते है कभी देर रात भी हो जाती है रोज कमाने खाने वाले गरीब लोग काम बन्द हो जाने से परेशानी में पड़ चुके है .ऐसे में इन गरीब मजदूरों की जिम्मेवारियां कौन उठाएगा ये बड़ा सवाल है.हलाँकि रेलवे से जिलेवासियों की सुविधाओं के लिए विभिन्न प्रकार की माँगे की गई है ,जिन शर्तो को अगर रेलवे पूरा करेगी तो रेक लोडिंग फिर से सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा.सूत्रों की माने तो रेलवे इस मामले पर गंभीरता से विचार करने को विवश को चुकी है रोजाना रेलवे को करोड़ो का नुकसान भी झेलना पड़ रहा है.देखना ये है कि रेलवे पूर्ण रूप से कब अपने मापदंड तय करती है .

## महिला अधिकारों को लेकर अनुमण्डल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन




**पाकुड़:** महिलाओं को सुरक्षित, सशक्त एवं सम्मानित अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, पाकुड़ के तत्वावधान में अनुमण्डल स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन पुराना समाहरणालय परिसर में किया गया. कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमण्डल पदाधिकारी साईमन मरांडी, डालसा सचिव सह न्यायाधीश सुश्री रुपा वंदना कीरो, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, सिविल सर्जन डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती बसंती ग्लाडिस बाड़ा, मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पुरती, कार्यपालक दंडाधिकारी श्रीमती कांति रश्मि एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, समीर अल्फ्रेड मुर्मू, अंचलाधिकारी, अरविन्द कुमार बेदिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अमड़ापाड़ा प्रमोद कुमार गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी हिरणपुर दिलीप टुडु, अंचलाधिकारी हिरणपुर मनोज कुमार, अंचलाधिकारी महेशपुर संजय सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया.

कार्यशाला में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों, संस्थानों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित क्षेत्रों से जुड़े लगभग 1000 प्रतिभागियों की सहभागिता रही.

कार्यशाला के दौरान घरेलू महिला हिंसा, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, डायन प्रथा, बाल विवाह, सामाजिक कुरीतियाँ एवं नशा मुक्ति जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई. साथ ही मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सामाजिक कुरीति निवारण योजना, राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना एवं मिशन शक्ति के उद्देश्यों और लाभों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया.जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती बसंती ग्लाडिस बाड़ा ने कहा कि जब बेटी को बोझ समझा जाता है तब,बच्चों को विद्यालय के बजाय श्रम में लगाया जाता है तब समाज प्रगति बाधित होती है. उन्होंने डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, किशोर न्याय(संशोधन) अधिनियम एवं दहेज निषेध अधिनियम जैसे सशक्त कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी सफलता समाज की सामूहिक भागीदारी से ही संभव है.उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट चेंज सहित विभिन्न अभियानों के जरिए सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि नुक्कड़ नाटक, रोल प्ले, परिचर्चा एवं जनसंवाद जैसे माध्यमों से व्यापक जनजागरूकता फैलाई जा रही हैसमाज कल्याण निदेशालय के कंसल्टेंट ने कहा कि यदि बाल विवाह की दर 32 प्रतिशत है, तो यह आत्ममंथन का विषय है. उन्होंने महिलाओं के प्रति व्यवहारिक सम्मान पर बल देते हुए रिपोर्टिंग की कमी पर चिंता जताई. उन्होंने अपील किया कि 18 वर्ष से कम आयु में विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा महिला उत्पीड़न/डायन प्रथा से संबंधित मामलों की सूचना महिला हेल्पलाइन 181 पर दें- ये सेवाएं 24 ८ 7 टोल-फ्री उपलब्ध हैं. उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन निरंतर प्रयासरत हैं, पर सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए समाज की सक्रिय भूमिका अनिवार्य है.

